» संक्षिप्त समाचार

पृथ्वी की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारीः मीणा

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। पृथ्वी दिवस के अवसर पर एलपीएस विकास संस्थान द्वारा युवाओं के सहयोग से हनुमान जी की डूंगरी, भोपाला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब 70 किलो पॉलीथिन एकत्रित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े प्रकृति प्रेमी राम भरोस मीणा ने कहा कि पृथ्वी को प्रदूषित करने में पॉलीथिन सबसे बड़ा कारण बन चुकी है। उन्होंने आमजन से प्लास्टिक का बहिष्कार करने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या, वनों की कटाई और आधुनिक विकास के दुष्प्रभावों के चलते भूमि का बड़ा हिस्सा प्रदूषित हो चुका है तथा कई क्षेत्रों में भूमि बंजर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के कारण जलवायु परिवर्तन, वर्षा की अनिश्चितता और कृषि उत्पादन पर संकट गहराता जा रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक वृक्षारोपण, वनस्पतियों का संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान गजानंद शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं ढिगारिया स्थित जानकी परिवार के नवविवाहित दंपति डॉ. अजीत शर्मा और उनकी पत्नी ने परिवार सहित बरगद के पेड़ों में जल अर्पित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ. अजय शर्मा, पवन शर्मा, दीपक शर्मा, सोनू भोमिया, सरपंच पुलकित, केशव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

कोटपूतली कॉलेज में मिड टर्म परीक्षाओं की तिथियां घोषित

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय, कोटपूतली में बी.एससी. कक्षाओं की मिड टर्म परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार बी.एससी. सेमेस्टर षष्ठम की परीक्षा 24 अप्रैल, सेमेस्टर द्वितीय की 25 अप्रैल तथा सेमेस्टर चतुर्थ की परीक्षा 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित नियमित विद्यार्थियों के लिए समय सारणी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से निर्धारित तिथियों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आह्वान किया है। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को अपनी अनुपस्थिति के लिए स्वयं जिम्मेदार माना जाएगा तथा ऐसे विद्यार्थी आगामी विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे।

लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त

◆ **कांग्रेस नेता राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पूतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन**

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने बुधवार को भाजयुमो के तत्वाधान में कांग्रेस व विपक्षी दल द्वारा लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पूतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम जिला संयोजक राजेश सराधना ने बताया कि लोकसभा में कांग्रेस व विपक्षी दलों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करना विपक्षी दलों कि महिलाओं के प्रति ओच्छी मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस सहित विपक्षी दल नहीं चाहते की महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े इसीलिये अधिनियम का विरोध कर उन्होंने महिलाओं का अपमान किया है, जिसका करारा जवाब आने वाले समय में महिलायें कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को जरूर देगी, दलों का विरोध करने के प्रति महिलाओं में रोष व्याप्त हैं। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी, पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल, प्रमोद गुरुजी, नागेंद्र सिंह, मिथलेष सैनी, जिला मंत्री मीरा मीणा, एल एन स्वामी, जितेंद्र यादव, बाला देवी, सरोज यादव, रेखा देवी, सुनीता, आरती, रमेश ठेकेदार, प्रफुल्ल रमन, दयाराम कुमावत, सतीश योगी, अमित सैनी, रमन सैनी, पूरण यादव, कृष्णा, अंकुश सैनी, संजय शर्मा, मोहित कुमार, अमित सिंह तँवर, हुकम सिंह, विक्रम शर्मा, राहुल सैनी, रोबिन स्वामी, रामनिवास पहलवान, रोहित रावत, देवा गुर्जर, पवन, दौलत, राकेश समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> कांग्रेस सहित विपक्षी दल नहीं चाहते की महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े

आमजन की समस्याओं का मौके पर हो निस्तारण : पुलिस अधिक्षक

जनसुनवाईः पुलिस का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में भय स्थापित करना

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। आमजन की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित समाधान के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस थाना कोटपूतली में पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह (आईपीएस), जिला कोटपूतली-बहरोड़ ने की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के थाना पहुंचने पर उन्हें सलामी दी गई तथा उपस्थित अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वृताधिकारी कोटपूतली राजेन्द्र बुरडक, थानाधिकारी कोटपूतली राजेश शर्मा, थानाधिकारी पनियाला रणवीर मील, महिला थाना प्रभारी किशल लाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के नागरिक मौजूद रहे।

जनसुनवाई के दौरान वृत कोटपूतली क्षेत्र से आए परिवादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। इनमें पार्किंग व्यवस्था, चोरी की घटनाओं पर रोक, लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई, तेज आवाज में डीजे, अवैध अतिक्रमण, अवैध नशे पर नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरे लगाने, बीडीएम पुलिस चौकी पर जाब्ता बढ़ाने, साफ-सफाई व्यवस्था, साइबर फ्रॉड पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने तथा रात्रि गश्त बढ़ाने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। पुलिस अधीक्षक ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित थानाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य ह्वआमजन में विश्वास और अपराधियों में भयह्व स्थापित करना है।

जनसुनवाई के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पीड़ितों को न्याय के लिए भटकना न पड़े और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को आमजन के साथ शालीन व्यवहार करने और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। साथ ही, साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहने की अपील करते हुए उन्होंने बताया कि जल्द ही आमजन को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित की जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनसुनवाई के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस थाना कोटपुतली का निरीक्षण किया जाकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

> आमजन में विश्वास जगाना

राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान

कृषि महाविद्यालय पाथरेड़ी में पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोटपूतली। कृषि महाविद्यालय, पाथरेड़ी में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, वृक्षारोपण तथा स्वच्छ एवं हरित पृथ्वी के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. डी. के. बैरवा ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल संरक्षण करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया।, कार्यक्रम का संचालन करते हुए ठरर प्रभारी डॉ. सुशीला ऐचरा ने विद्यार्थियों से अनुशासन, सेवा भावना और सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया तथा दैनिक जीवन में छोटे-छोटे पर्यावरणीय प्रयास अपनाने की अपील की। इस अवसर पर सहायक निदेशक, छात्र कल्याण डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए कहा कि सही दिशा में प्रयास करने पर युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए नैतिक मूल्यों को अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा दी।

बेदखली आम सूचना

मैंने मेरे पुत्र जावेद अली व उसकी पत्नी मु. नाजिया अली पत्नी जावेद अली काजी, निवासी वार्ड नंबर 9 ईदगाह के पास, काजीवाड़ा तहसील व जिला झुंझुनूं को मेरी चल - अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है जिसका लीगल नोटिस जरिये वकील जारी करवा दिया गया है कमेरी चल अचल संपत्ति में मेरे पुत्र जावेद अली व मु. नाजिया अली का कोई किसी प्रकार का हिस्सा - पांति नहीं है यह लोग मेरे कहने में नहीं है क अब्दुल रहमान पुत्र कालू काजी, निवासी वार्ड नंबर 9 काजीवाड़ा, ईदगाह के पास, तहसील व जिला झुंझुनूं (राजस्थान)।

शहर का दौरा कर कलेक्टर ने परखी सफाई व्यवस्था

'आमजन को साफ-सफाई व रोड लाइट से संबंधित परेशानी नहीं होनी चाहिए'

◆ **ड्रेनेज और कचरा प्रबंधन सुधारने के दिए निर्देश**

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने बुधवार को शहर की सफाई व्यवस्था, रोड लाइट एवं विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए नगर परिषद आयुक्त अरुण शर्मा के साथ विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कलक्टर निवास से पूतली कट, बीडीएम अस्पताल, मैन चौराहा, डाबला रोड, मिलिट्री कैंटीन, बानसूर कट, दिल्ली दरवाजा, अग्रसेन तिराहा तथा एलबीएस कॉलेज होते हुए पुनः कलक्टर निवास तक शहर का भ्रमण किया। साथ ही चतुर्भुज ग्राम में प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क सफाई, रोड लाइट एवं सीवरेज व्यवस्था का जायजा लेते हुए नगर परिषद को नियमित रूप से वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को गंदगी और जलभराव जैसी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत किया जाए तथा नालों-नालियों की समय पर सफाई कर ओवरफ्लो की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए। उन्होंने कचरा संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कचरा गाड़ियों की नियमित मॉनिटरिंग, आवश्यक स्थानों पर कचरा पात्र स्थापित करने और उन्हें समय पर खाली करवाने पर जोर दिया। साथ ही सफाई कर्मियों को पाबंद करते हुए सड़कों के किनारे पड़े कचरे को नियमित रूप से उठाने और नालियों में उगी झाड़ियों को साफ करने के निर्देश दिए, ताकि जल प्रवाह बाधित न हो। कलेक्टर ने शहर के पार्कों के रख-रखाव, पेड़ों की देखभाल तथा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर परिषद आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी देते हुए चतुर्भुज क्षेत्र में एसटीपी निर्माण के लिए प्रस्तावित कार्यवाही से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान अभिषेक सैनी (सचिव), कृष्ण कुमार यादव (राजस्व अधिकारी), कृष्ण कुमार (कनिष्ठ अभियंता) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में व्याख्याताओं ने संभाला कार्यभार

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम फतेहपुरा कलां स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में हाल ही में पदोन्नति प्राप्त व्याख्याताओं रामसिंह एवं जयसिंह यादव ने अपने नए दायित्व का कार्यभार ग्रहण किया। माध्यमिक शिक्षा निदेशक, बीकानेर के आदेशानुसार विद्यालय के प्राचार्य महेश चन्द यादव द्वारा दोनों शिक्षकों को व्याख्याता पद पर विधिवत कार्यग्रहण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों द्वारा नवपदोन्नत व्याख्याताओं का माल्यार्पण कर एवं राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य महेश चन्द यादव ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और शिक्षकों का दायित्व है कि वे उन्हें उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर उनके सर्वांगीण विकास में योगदान दें।

समारोह के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने भी दोनों व्याख्याताओं को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जुआरियों के खिलाफ पुलिस का बड़ा एक्शन

सीमा सन्देश संवाददाता

बाड़ी। SP विकास सांगवान के निर्देशन में कार्रवाई, DST, थाना सदर पुलिस ने जुआरियों के अड्डे पर मारा छापा, पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई कर 11 जुआरी किए गिरफ्तार, जुआरियों के कब्जे से 47,600 जुआ राशि भी की गई जब्त, मौके से 5 मोटरसाइकिलो को भी किया गया जब्त, महेंद्र का अड्डा जाटौली के पास की गई कार्रवाई, अरढ वैभव शर्मा व सीओ सिटी कृष्ण राज जांगिड़ के सुपरविजन में रलड महेश मीणा एवं प्रेम सिंह अरक डीएसटी टीम के नेतृत्व में कार्रवाई, रढ विकास सांगवान के निर्देशन में पुलिस का जुआरियों को सख्त संदेश, जुआरियों के विरुद्ध संगठित अपराध की धारा के तहत भी की गई कार्रवाई।

राज्यपाल आज जिले के दौरे पर रहेंगे

◆ **बिजोरावास के बाबा बिशाह मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल**

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े गुरुवार 23 अप्रैल को जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल बहरोड़ के ग्राम बिजोरावास के बाबा बिशाह मंदिर परिसर में प्रातः 11 बजे आयोजित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठान समारोह में शामिल होंगे।

50 वर्ष से भी अधिक का अनुभव

रविशंकर शर्मा को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान'

जयपुर (कांस)। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम से सेवानिवृत्त जनसम्पर्क अधिकारी रविशंकर शर्मा को जनसम्पर्क एवं जनसंचार क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस (21 अप्रेल) पर पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर के सभागार में पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के जयपुर चैप्टर द्वारा 'लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान' प्रदान किया गया। रविशंकर शर्मा को मीडिया एवं जनसंचार क्षेत्र में कार्य का 50 वर्ष से भी अधिक का अनुभव है। समारोह के मुख्य अतिथि फर्स्ट इंडिया न्यूज नेशनल चैनल और दैनिक सच बेधड़क के प्रबंध संपादक पवन अरोड़ा (रिटायर्ड आई ए एस) थे। हरिदेव जोशी जनसंचार एवं पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. एन के पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा प्रेस काउंसिल के पूर्व सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद एल सी भारतीय विशिष्ट अतिथि थे। समारोह में पी आर एस आई जयपुर चैप्टर के अध्यक्ष वीरेन्द्र पारीक, उपाध्यक्ष श्रीमती कविता जोशी, सचिव मनीष हूजा सहित संस्था के सदस्य एवं बड़ी संख्या में जनसम्पर्ककर्मी, साहित्यकार एवं पत्रकार उपस्थित थे।

447 अधिवक्ताओं ने किया मतदान

सीमा सन्देश संवाददाता

धौलपुर। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान प्रातः 8:00 बजे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश गोयल के मुख्य अतीत में प्रारंभ हुआ। चुनाव अधिकारी पप्पू सिंह गुर्जर ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश गोयल द्वारा मत पेटियों पर सील लगाकर मतदान प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निर्वाचन कमेटी द्वारा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश का साफा पहनकर सम्मान किया गया उन्होंने कहा कि बार काउंसिल आफ राजस्थान चुनाव में सभी अधिवक्ता मतदाता अपने मत का प्रयोग करें तथा लोकतांत्रिक रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएं। चुनाव अधिकारी पप्पू सिंह गुर्जर ने बताया कि 567 अधिवक्ताओं में से 447धिवक्ताओं ने सायं 5 बजे तक अपने मत का प्रयोग किया । चुनाव शांतिपूर्ण रहा और अधिवक्ताओं ने लोकतांत्रिक में आस्था रखते हुए अपने मत का उपयोग किया और अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वरीयता के आधार पर मतदान किया। मतदान के दौरान सीनियर अधिवक्ताओं व महिला अधिवक्ताओं के लिए मतदान के लिए मतदान की विशेष व्यवस्था की गई। मतदान के दौरान नव विवाहित अधिवक्ता आकाश लहरी ने भी अपने मत का प्रयोग किया।

कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक :- न.पा.मा./2026-27/436 दिनांक :- 22/4/26

सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा स्टेटग्रान्ट एक्ट, 69-क, कृषि भूमि नियमन, लीज डीड, खांचा भूमि नियमन, फ्री होल्ड, नामान्तकरण, भवन निर्माण स्वीकृति, के अंतर्गत पटटे हेतु निवेदन किया गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजो सहित लिखित में आपति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। बाद मयाद गुजरने आपति मान्य नहीं होगी।

सं.	नाम	मोहल्ला	भूखण्ड संख्या/नाप	प्रयोजन
	श्री विनोद कुमार जैन पुत्र स्व. श्री प्रकाश चन्द जैन जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 09 रेती मोहल्ला मालपुरा जिला टोंक	वाके कस्बा वार्ड नं. 09 रेती मोहल्ला जिला टोंक मालपुरा	भूखण्ड साईज 19X37, 25X37 व 18X23 कुल 226.88 वर्गगज	फ्री होल्ड

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मालपुरा

कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)

क्रमांक :- न.पा.मा./2026-27/496 दिनांक :- 22/4/26

सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित चित किया जाता है कि अनिल कुमार पुत्र ताराचन्द सिंधी, द्वारका बाहेती पुत्र कन्हैयालाल बाहेती, रिंकु पत्नि मनोज जाति महाजन निवासी मालपुरा जिला टॉक (राज.) द्वारा वाके ग्राम बृजलालनगर तहसील मालपुरा में अनुमोदित प्रस्तावित योजना आवासीय लक्ष्मीविहार द्वितीय कॉलोनी मालपुरा जो कि आराजी खसरा नम्बर 1321/304 रकबा 2:00 बीघा, खसरा नम्बर 1322/303 रकबा 0:09 बीघा खसरा नम्बर 1324/302 रकचा 5:09 बीघा कुल रकबा 7:18 बीघा वाके ग्राम बृजलालनगर तहसील मालपुरा में स्थित है का निग्न व्यक्तियों के नाम से पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो कि निम्न हैः-

क्र सं.	नाम व पता	प्लाट नम्बर	कुल साईज	भूखण्ड नाम वर्गगज
1.	सुनील कुमार सिंघी पुत्र तारा चन्द सिंघी निवासी शिव कॉलोनी दूदू रोड मालपुरा जिला टोंक	08	25X75	183
2.	अनिल कुमार सिंघी पुत्र तारा चन्द सिंघी निवासी दूदू रोड दयाल दास बालाजी के पीछे वार्ड नं. 01 मालपुरा जिला टोंक	76	25X86	217

अतः उक्त में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उज्ज हो तो अन्दर मियाद 7 दिवस में निम्न हस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजर जाने मियाद किसी का कोई उज्ज या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मालपुरा

कार्यालय नगरपालिका नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :–नपानो./भूमि शा./2026–27/363 दिनांक :– 15.04.2026

ई–ऑक्शन निरस्ती सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–ऑक्शन सूचना क्रमांक 12178 दिनांक 23.03.2026 को अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है।

अधिशाषी अधिकारी,
नगरपालिका नोहर।

राज.संवाद/सी/26/1247

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR

No.NIT/2026-27/903-10 अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 035/2026-27 Date: 22.04.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए योग्य एवं अनुभवी कंसलटैंट/कंसलटेन्टसी फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : -

कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रु.)
Project Management Consultancy Services for Construction of 02 Lane Elevated Road on Latiya Nala in Sawai Madhopur from Raj Bagh to SH-30 (Near Gopalji Temple) in the State of Rajasthan on EPC Mode. UBN: RRC2627SLOB00052	12.15 Lakh

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। -महाप्रबंधक

कार्यालय :- खण्ड मुख्य चिकत्सा अधिकारी, संगरिया

क्रमांक /लेखा/निलामी/113 दिनांक / 18.04.2026

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस ब्लॉक कार्यालय के अधीन विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के नकारा/अनुपयोगी सामान जिसकी अनुमानित लागत मूल्य रुपए 2.60 लाख है की नीलामी दिनांक 28.04.2026 को दोपहर 11 बजे ब्लॉक कार्यालय के भवन (सा.स्वा. केन्द्र संगरिया के परिसर) में आयोजित की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता रुपए 5200/- का इस कार्यालय में नकद जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। सामग्री का विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तें कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को देखा जा सकता है तथा विवरण sppp पोर्टल पर भी उपलब्ध है। **NIB CODE- MHS2627A0205, UBN NO- MHS2627GSLE00325**

(डॉ. रवि खीचड़)

डीआईपीआर/सी/7194/2026 **खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी खण्ड संगरिया**

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014। ब्रांच ऑफ यूनिटः पहली मंजिल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी, कोटा, राजस्थान-324007

ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है। **सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 09.05.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है' के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइटः https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।**

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1.	ऋण क्रमांक HL001991000000050 39250 अजय सिंह भदौरिया (ऋणधारक) सुनीता सिंह भदौरिया (सह-ऋणधारक) संगीता खचेरू	नोटिस दिनांकः 07.01.2025 कुल बकायाः रु. 2617591/- (रुपये छब्बीस लाख सतरह हजार पांच सौ इक्यानवे मात्र) 07.01.2025 के अनुसार देय व इसपर भुगतान तक 12.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित	भौतिक	खसरा संख्या 832/571, 572, ग्राम रंगतालाब उर्फ कालातालाब, तहसील लाडपुरा, जिला कोटा स्थित पार्वती एन्क्लेव, प्लॉट संख्या 42 पर मकान के सभी खण्ड व हिस्से, अधिमापन 800 वर्ग फीट और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व में प्लॉट संख्या 37, पश्चिम में 30 फुट सड़क, उत्तर में प्लॉट संख्या 40 और 41, दक्षिण में प्लॉट संख्या 43	रु.1950000/- (रुपये उन्नीस लाख पचास हजार मात्र)	रु. 195000.00/- (रुपये एक लाख पिचानवे हजार मात्र)	08.05.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	28.04.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	09.05.2026 (प्रातः 11- सायं 2 बजे)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222** से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, **08.05.2026** को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता -पताः पहली मंजिल, 1-सी-18, एसएफएस, शीला चौधरी रोड, तलवंडी, कोटा, राजस्थान-324007 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 15 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

किसी भी स्थिति में, यदि स्थानीय भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र और अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित समाचार पत्र की सामग्री में कोई अंतर हो, तो दा इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांकः 23.04.2026, स्थानः राजस्थान

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड